हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

11 विधायक पवन खरखौदा के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा



12 स्वतंत्रता दिवस पुलिस ने वाहनों की जांच को लगाए 13 नाके



## खबर संक्षेप

### कंपनी में गबन का आरोपी काबू, रिमांड पर

**सोनीपत।** कुंडली पुलिस ने कंपनी में रुपयों की हेराफेरी कर गबन की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राकेश निवासी मुरथल का है। पुलिस ने कोर्ट से आरोपित को आठ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। अंकुश ने 29 जनवरी को पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी में राकेश सीनियर एचआर मैनेजर व अमित कैशियर हैं। दोनों ने मिलकर चार महीने में कंपनी में 26.20 लाख का गबन किया है। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आठ दिन के रिमांड पर लिया।

### दोपहिया वाहन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन पुलिस ने बाइक चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिफ्तार किया। जिनकी पहचान सुरत निवासी पिनाना हाल में मसद मोहल्ला व वरूण निवासी मसद मोहल्ला का है। सेक्टर-23 निवासी गौतम ने आठ अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह छह अगस्त को अपनी बाइक पर अशोक नगर में गया था। वहा बाइक को खड़ी करके मार्केट में सामान लेने के लिए चला गया। उसके बाद वापस आया तो उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मुख्य सिपाही बृजेश ने टीम के साथ वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार कर उनके पास से पास से चोरी की बाइक को बरामद किया है। आरोपितो को अदालत में पेश किया।

### 32 साल पुराना शहर का आरओबी मांग रहा है मरम्मत

# आरओबी पर अब वाहनों की नो एंट्री गत वर्ष भारी वाहन किए गए थे बंद

पहले पोल गाड़कर हल्के वाहनों के लिए छोड़ा था रास्ता, अब वहां पत्थर डालकर पूरी तरह से कर दिया बंद, खरखौदा से आने वाले वाहन चालकों के लिए नए आरओबी का सहारा



**सोनीपत।** कालपुर चुंगी से बंद की गई आरओबी की तरफ जाने वाली सड़क ।



**सोनीपत।** आरओबी शुरू होने से पहले पत्थर लगाकर बंद किया गया आरओबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोहतक रोड स्थित 32 साल पुराने रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) को सुरक्षा कारणों से पूरी तरह सील कर दिया गया है। लंबे समय से कमजोर हो चुके इस आरओबी पर पहले केवल भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक थी, लेकिन दो बार हाइटगेज टूटने और सड़क पर पोल गाड़े गए थे। जिससे आरओबी पर सिर्फ हल्के वाहनों का ही जाना संभव हो पा रहा था। अब रूड़की आईआईटी की रिपोर्ट आने के बाद इस आरओबी को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बताया गया है कि जल्द ही इस आरओबी की मरम्मत शुरू की जाएगी, इसी वजह से आरओबी को पूरी तरह से बंद किया गया है।

जानकारी के अनुसार पिछले साल 6 नवंबर को रोहतक रोड आरओबी को आमजन की सुरक्षा का हवाला देते हुए भारी वाहनों के लिये बंद किया गया था। रेलवे द्वारा इस आरओबी को भारी वाहनों के लिये बंद करने के लिए निर्देश मिले थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई थी। इसके बाद भारी वाहनों के लिये बंद आरओबी को रविवार को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### खरखौदा से आने वालों वाहन चालकों को परेशानी

इस आरओबी के बंद होने से खरखौदा की ओर से आने वाहनों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि खरखौदा की ओर से आने वाले वाहन इसी आरओबी का उपयोग करते थे, हालांकि इसके साथ में ही 2014 में दूसरा आरओबी बनवाया गया था। जिस पर पहले दूसरी तरफ से वाहन आते थे। अब पुराने आरओबी को बंद किए जाने के बाद नए आरओबी से दोनों तरफ के वाहनों का आवागमन होगा।

### दो बार टूटे हाइटगेज फिर गाढ़ दिए थे पोल

दिसंबर में रेलवे ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर इस आरओबी को भारी वाहनों के लिए असुरक्षित बताते हुए बंद करने की मांग की थी। कमजोर आरओबी होने के चलते सबसे पहले यहां हाइटगेज लगाकर भारी वाहनों का प्रवेश रोका गया था। 6 नवंबर को लगाया गया हाइटगेज 8 नवंबर को टूट गया था। लेकिन वह भी कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद सड़क पर पोल गाड़कर केवल छोटे वाहनों के लिए रास्ता छोड़ा गया, लेकिन भारी वाहन पुराने औद्योगिक क्षेत्र के रास्ते से होकर आरओबी पर चढ़ जाते थे। हालात को देखते हुए अधिकारियों ने आरओबी के बिल्कुल पहले सड़क पर चार मजबूत पोल गाड़ दिए, जिससे केवल हल्के वाहन ही इस आरओबी से गुजर सकते थे।

### 1992 में बना था आरओबी 2023 में हुई थी मरम्मत

इस आरओबी को लोक निर्माण विभाग द्वारा 1992 में बनवाया गया था। खरखौदा की तरफ से आने वाले वाहन इसी आरओबी के जरिये आईटीआई चौक पर उतरते थे और दिल्ली अंबाला रेलवे लाइन क्रॉस करते थे। वर्ष 2023 में इस आरओबी की मरम्मत की गई थी। इसी मरम्मत के दौरान रेलवे ने मुख्यालय पत्र लिखकर आईआईटी रूड़की से सर्वे करवाया था। सर्वे में आईआईटी की टीम ने आरओबी से भारी वाहनों की आवाजाही बंद करने के संकेत दिए थे। जिसके बाद रेलवे ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा था। पिछले वर्ष आरओबी को भारी वाहनों के लिए बंद किया था।

### वाहन चालकों को हो सकती है दिक्कत

पुराना आरओबी बंद होने के बाद साथ में ही बने नए आरओबी पर वाहनों का दबाव बढ़ जाएगा। अभी तक सिर्फ एक तरफ के ही वाहनों का दबाव झेल रहे नए आरओबी पर दोनों तरफ के वाहनों का दबाव आएगा। जिसके चलते आईटीआई चौक पर जाम की स्थिति बन सकती है। वहीं आरओबी के दूसरी तरफ भी जाम परेशान कर सकता है।

## स्वदेश नहीं लौट पाया युवक, बस में बैठते ही संदिग्ध हालत में मौत

■ डेढ़ माह पहले नेपाल से भारत आया था दिनेश राणे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर अपने घर लौटने की उम्मीद में बस में बैठे युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ अपने देश लौट रहा था। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए शव को शवगृह में रखवाया गया है। परिजनों को इस संबंध में सूचना दी है। परिजनों के पहुंचने पर अगली कार्रवाई होगी।

अनुसार रामपुर कोचनपुर बलरी नेपाल हाल में बीसवां मील निवासी दिनेश राने (23) करीब डेढ़ माह पहले राई में आया था। वह एक मसाले की कंपनी में काम करता था। जानकारी मिली है कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था। उसने निजी लैब में अपने टेस्ट करवाएं, उसे मलेरिया होने की जानकारी दी गई। वह शनिवार को अपने दोस्त के साथ अपने घर पर जाने के लिए बस में बैठा, बस में कुछ दूरी पर चलते ही अचानक बेहोश हो गया। बस रोकने के बाद उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। परिवार के सदस्य रविवार देर शाम तक नहीं पहुंचे। सोमवार को परिजनों के आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### कई दिन से था बीमार

बस के अंदर युवक की मौत होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जानकारी मिली कि युवक काफी दिनों से बीमार चल रहा है। मृतक नेपाल का रहने वाला है। उसके परिजनों को रात को ही सूचित कर दिया था, लेकिन रविवार देर शाम तक उसके परिजन नहीं पहुंचे। परिजनों के आने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

*-नरेश कुमार, जांच अधिकारी।*

### बीमारी ने जकड़ा, जिंदा नहीं लौट सका स्वदेश

जानकारी अनुसार दिनेश राने महज डेढ़ माह पहले ही नेपाल से राई आया था। उसे मसाले की कंपनी में काम मिल गया था। करीब दस दिन से वह था। उसके साथी ने बताया कि उसने अपना निजी लैब पर टेस्ट करवाया। जहां से उसे मलेरिया होने की जानकारी मिली। बीमार होने के चलते वह वापस अपने देश लौटना चाहता था। वह राई गांव के बस स्टैंड से बस में सवार हुआ। कुछ ही दूरी पर चलने पर संदिग्ध हालत में उसकी मौत हो गई।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**खरखौदा।** रोहतक मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठरू निवासी शिवम के अनुसार वह 2 अगस्त को अपनी पत्नी मनीषा को बाइक पर सिसाना गांव में दवाई दिलाने के लिए आया था। वापसी में बिरला स्कूल के सामने पीछे से आ रही एक इको गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल मनीषा का पीजीआई खानपुर ले जाया गया। जहां से उसकी पत्नी को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कालूपुर गांव में बारिश से गिरी मकान की छत, सामान नष्ट

■ परिवार सुरक्षित, मलबे के नीचे दबने से घर का सामान नष्ट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



भारी बारिश के चलते वार्ड नंबर 6 स्थित कालूपुर गांव में एक मकान की छत अचानक गिर गई। हादसे में मकान के भीतर रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित स्थान पर थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

सूचना मिलते ही नगर निगम के मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मेयर ने अधिकारियों को भी तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पीड़ित अजीत ने बताया कि छत में लगी लोहे की एंगल लंबे समय से जंग लगने के कारण कमजोर हो गई थी। बारिश के दबाव को सहन न कर पाने के कारण छत ढह गई। उन्होंने कहा कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है और अब छत गिरने के बाद परिवार के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं बचा। लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता और अस्थायी आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि बरसात के मौसम में उन्हें किसी तरह की अतिरिक्त परेशानी का सामना न करना पड़े।

## गेस्ट हाउस में किशोरी से दुष्कर्म, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ महिला का आरोप, घर पर अकेली थी नाबालिग बेटी, बहलाफुसलाकर अपने साथ गेस्ट हाउस ले गया रितिक, वहीं दिया घटना को अंजाम

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में किशोरी को घर पर अकेली देख कर बहला-फुसला कर एक गेस्ट हाउस में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म करने के आरोप का मामला सामने आया है। लड़की के परिजन घर आए तो पीड़ित ने मामले से अवगत कराया। जिसके बाद पीड़िता की मां ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। महिला ने बताया कि वह कई दिन से बीमार है व अस्पताल में दवाई लेने के लिए गई थी। जबकि उसके पति ड्यूटी पर थे। घर पर उनकी 16 वर्षीय बेटी अकेली थी। इसी दौरान रितिक नाम का युवक उसे बहला-फुसला कर अपने साथ सिविल लाइन क्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस में ले गया। वहां ले जाकर डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बेटी ने घर आकर आपबीती बताई। पीड़िता को आरोपित के पते के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस ने आरोपित रितिक के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आरोपित के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म करने के आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने अलग-अलग दो मामलों में दुष्कर्म की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान हरिओम निवासी सीतापुर यूपी,असलम निवासी गाजीपुर यूपी के रूप में हुई। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। छह अगस्त को एक महिला ने आरोप लगाया कि हरिओम नाग के युवक ने नशे की हालत में उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। एसआई संतोष की टीम ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किा। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में एक महिला ने छह अगस्त को पुलिस से शिकायत दी थी।

### महिला ने भांजी से छेड़छाड़ व बेटी से दुष्कर्म का लगाया था आरोप

महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी बहन की लड़की उसके पास रहती है। उसकी खुद की बेटी की आयु करीब 17 वर्ष है। उसके पड़ोस में रहने वाले असलम ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। वहीं उसकी नाबालिग बहन की बेटी से छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दिया। उसकी बेटियों ने मामले को लेकर उसे अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में पेश किया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## तालाब में मिला युवक का शव, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मोहाना थाना के तिहाड़ मलिक में मंदिर के पास तालाब में संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से सनसनी फेल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

तिहाड़ मलिक निवासी सतीश ने बताया कि उसका भाई सुरेंद्र शनिवार देर शाम लापता हो गया। अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। वह अक्सर शराब पी लेता था। सुबह उन्हें सूचना मिली की गांव के मंदिर के पास तालाब में शव पड़ा है। वे मौके पर पहुंचे व सूचना पुलिस को दी। मोहाना थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लिया। खानपुर महिला कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम करवाया। आईओ पिंटू ने बताया कि बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। इससे पहले कुछ भी कहना सही नहीं होगा।

### खेत से लौट रहे किसान को दुपहिया वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**सोनीपत।** सदर थाना के गांव रोहट में मोटरसाइकिल ने पैदल खेत से घर आ रहे किसान को टक्कर मार दी। हादसे में घायल किसान को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव रोहट निवासी समुद्र ने बताया कि उसका भाई महिपाल (48) शनिवार को खेत में काम करने के लिए गया था। काम खत्म होने के बाद वापस घर लौट रहा था। वापस लौटते समय गांव के सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना सोनीपत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। आईओ शैलेंद्र ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले इस बारे में कुछ भी कहना सही नहीं होगा।

### मोबाइल छीनने के 3 आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल चार आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पुनीत, लक्की, प्रिंस निवासी जनता कॉलोनी व रोहित निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपितो के पास से वारदात में प्रयोग बाइक भी बरामद की है। कबीरपुर निवासी माया ने बताया कि 6 जुलाई को वह अपना काम कर घर आ रही थी। ओल्ड डीसी रोड पर बाइक पर सवार थे। वह उनके पास आए। उसके साथ से मोबाइल फोन छीन लिया।

### जिले में विभागीय लापरवाही से कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद

## औद्योगिक क्षेत्र फेस-2 के पास कटे अवैध प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। जीटी रोड के पास अवैध प्लॉटिंग के बाद भरी हुई प्लाटों की नींव व डाली गई मिट्टी । *फोटो: हरिभूमि।*

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस-2 के सामने जीटी रोड पर अवैध फ्लोटिंग (प्लॉटिंग) का काम कॉलोनाइजरों द्वारा शुरू कर दिया गया है। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग का कोई ध्यान नहीं जा रहा है, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। क्षेत्र के लोग इसे प्रशासनिक उदासीनता और विभागीय लापरवाही मान रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन कॉलोनाइजरों ने नियम-कायदों की अनदेखी करते हुए खेतों और खाली पड़ी जमीन पर प्लॉट काटने का कार्य शुरू कर दिया है। लोगों का कहना की नक्शे में प्लॉटों का आकार, सड़कें और सुविधाएं बिना किसी सरकारी स्वीकृति के तय की जा रही हैं। इस तरह की अवैध कॉलोनियों में भविष्य में सबसे अधिक परेशानी खरीदारों को होती है, क्योंकि सुविधाओं के अभाव में लोग कई साल तक परेशान रहते हैं।

बावजूद इसके, कॉलोनाइजर खुलेआम अपने प्रोजेक्ट का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और अनजान लोगों को आकर्षक दामों और सुविधाओं के झूठे वादों के जरिए लुभा रहे हैं। जीटी रोड जैसी मुख्य सड़क पर अवैध कॉलोनियों का फैलना न केवल ट्रैफिक और शहरी विकास के लिए खतरा है, बल्कि यह कानून के सीधे-सीधे नियमों के उल्लंघन का मामला भी है।

लोगों का कहना की जिला नगर योजनाकार विभाग का यह दायित्व है कि वह इस तरह की अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। लेकिन विभागीय अधिकारियों की चुप्पी सवाल खड़े करती है। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने अवैध कॉलोनियों पर सख्ती बरतने के कई निर्देश जारी कर रखे हैं। इन निर्देशों के तहत बिना अनुमोदन के प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया जाना और उनके निर्माण कार्य पर रोक लगाना अनिवार्य है। इसके बावजूद, गन्नौर क्षेत्र में हो रही इस अवैध गतिविधि पर कोई रोक नहीं लग रही। विभाग की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए ही की जाती है।

### रंजिश में गोली मारकर घायल करने का आरोप, केस दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मामूली रंजिश के चलते गोली मारकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसको उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

इंद्रा कॉलोनी निवासी सौरभ ने बताया कि वह एटलस रोड पर रेहड़ी लगता है। रात को वह स्टेशन से घर की तरफ जा रहा था। आरोप है कि कॉलोनी के रहने वाले युवक के साथ कुछ दिन पहले उसका झगड़ा हुआ था। उसी की रंजिश रखते हुए उसके पड़ोसी ने उसे गोली मार दी। गोली उसके कंधे से आर-पार हो गई। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसे उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।





गधे के दूध से बना पनीर दुनिया का सबसे महंगा पनीर होता है जिसकी कीमत 80,000/किलोग्राम तक होती है।



सीहोर्स इकलौती ऐसी प्रजाति है जिनमें मादा गर्भवती न होकर नर गर्भवती होते है और बच्चों को जन्म देते हैं।

# अग्नि पथ योजना के तहत नौकरी पाकर बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

अगर आप भी भारतीय सेना में शामिल होना चाहते हैं मगर अग्निवीर योजना क्या है? आपको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है तो परेशान ना हो। आज हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। आपको बता दे कि सेना के तीनों अंगों में अब भर्तियां अग्नि वीर योजना के तहत की जाती है। सरकार की तरफ से एक नई योजना शुरू की गई है जिसका नाम है अग्निपथ योजना। इस योजना के तहत युवाओं को हमारे देश की तीनों सेनाओ, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में नौकरी दी जाती है। अग्नि वीर योजना की योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और वेतन के साथ मिलने वाले फायदे आदि के बारे में समझते हैं।

## क्या है योजना

इस योजना के तहत नियुक्ति पाने वाले उम्मीदवारों को अग्नि वीर कहा जाता है तथा सरकार की इस स्कीम में रिटायरमेंट का प्रावधान है। केंद्र सरकार का कहना है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीर खुद का कारोबार करने से लेकर नौकरी तक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें राज्य सरकारों की तरफ से सहायता भी मिलेगी। अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती होने वाले सेना के जवानों को अग्निवीर कहा जाएगा। हालांकि शुरुआत में इस योजना का कड़ा विरोध किया गया था। योजना के तहत जवानों की आयु सीमा 17.5 साल से 21 साल तय की गई है। ऐसे में बहुत से युवाओं का सेवा में शामिल होने का सपना टूट गया, जिसको लेकर भयंकर आक्रोश देखा गया।

## क्या होती है प्रक्रिया

अग्निपथ योजना के माध्यम से अब आठवीं, दसवीं व बारहवीं पास युवाओं को सेना के तीनों अंगों थल सेना, जल सेना या नौसेना, वायु सेना में अग्निवीर के रूप में 4 साल तक पेशेवर सैनिक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत भविष्य में मेरिट और संगठन की जरूरत को देखते हुए 25 प्रतिशत तक अग्निवीर सैनिकों को सेना में 4 वर्ष की सेवा के बाद भी रिटेन किया जाएगा। वहीं चार साल की नौकरी के बाद बाकी के 75 प्रतिशत युवाओं को एक मुश्त राशि के साथ-साथ सरकार की ओर से तकनीकी योग्यता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता अनुसार नौकरी पाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सभी उम्मीदवार नियमित संवर्ग में भर्ती के लिए वॉलन्टियर के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं।

## अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया

अगर इस बारे में बात करें की अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों की नियुक्ति किस प्रकार होगी तो आपको बता दें कि अग्निपथ भर्ती योजना के तहत उम्मीदवारों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। जिसमें पहले चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली का आयोजन होगा। अग्निपथ पात्रता मानदंड के मुताबिक अग्निपथ भर्ती योजना के लिए आवेदन देने वाले युवाओं की न्यूनतम आयु 17 साल 6 महीने और अधिकतम आयु 21 साल निर्धारित की गई है। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग पीरियड के साथ कुल 4 वर्षों के लिए स्शस्त्र सेवा बल में फुल टाइम काम करने का अवसर मिलेगा, जिसके लिए भर्ती सेना के तय नियमानुसार ही की जाएगी।

## महिलाएं भी कर सकती हैं आवेदन

### तीनों अंगों में होती भर्ती

इस योजना की विशेषता ये है कि इस योजना के तहत न केवल पुरुष, बल्कि महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। युवा इस योजना के माध्यम से सेना के तीनों प्रमुख अंग यानि कि थल सेना, वायु सेना और नौ सेना में नियुक्ति पा सकते हैं और देश सेवा कर सकते हैं। अगर हम अग्नि वीर की सैलरी के बारे में बात करें तो उन्हें कई तरह के भत्ते और वेतन दिया जाता है। अग्निवीरों को तीन सेवाओं में जोखिम और कठिनाई भत्ते के साथ एक आकर्षक कस्टमाइज्ड मासिक पैकेज मिलता है। चार साल की सेवा अवधि पूरी होने पर, अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज की पेमेंट की जाती है। सेवा निधि राशि इनकम टैक्स से फ्री होती है।

### इस प्रकार मिलती है सैलरी

वहीं अग्निपथ स्कीम सैलरी की बात करें, तो अग्निपथ स्कीम के तहत पहले साल युवाओं को 30 हजार रूपए प्रति महीने दिए जाएंगे, जिसमें से लगभग 9000 रूपए उनकी मासिक आय से काट ली जाएगी और उसे उनके बचत खाते में जमा किया जाएगा। इसके बाद उतना ही हिस्सा सेना भी उनकी सेविंग में जमा करेगी। हर साल सैलरी बढ़ने के साथ-साथ बचत खाते में जमा की जाने वाली रकम मैं भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही 4 साल बाद जब ये युवा सेना से रिटायर होंगे, तब उन्हें लगभग 11,70,000 सेवा निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीरों का वेतन पैकेज पहले वर्ष 4.76 लाख रुपये व अंतिम वर्ष का पैकेज 6.92 लाख रुपये होगा। इसके अतिरिक्त सेना ऐसे युवाओं को एक विशेष सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी जिसकी वजह से उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरी पाने में मदद मिलेगी।

### सैलरी के अलावा अग्निवीर योजना के फायदे

विभिन्न राज्यों ने अग्निवीरों को सेवाओं में प्राथमिकता देने के बारे में कहा भी हैं। इन सब के अलावा अग्निवीरों का 48 लाख रुपए का गैर-अंशदाई जीवन बीमा भी किया जाएगा। इस प्रकार अग्नि वीरों को कई तरह के बेनिफिट दिए जाएंगे। वहीं यदि सेवा के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो जवान के परिवार को 44 लाख रुपये दिए जाएंगे। इन 44 लाख रुपयों के अलावा सरकार ऐसे शहीदों के बचे हुए सेवाकाल (अधिकतम 4 साल) के वेतन को भी प्रदान करेगी। साथ ही अग्निपथ योजना के माध्यम से भर्ती हुए जवानों को मिलने वाली सेवानिधि भी, शहीद के परिवार को प्रदान कर दी जाएगी।

---

## बी-कॉम तीन वर्षों की स्नातक डिग्री, चमका सकती है आपका करियर

# बी कॉम के बाद करियर के विकल्प : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सुनहरे अवसर मौजूद

## वित्तीय प्रबंधन व कॉर्पोरेट जगत की समझ दे रही

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अक्सर देखने में आता है कि बी-कॉम करने के बाद छात्र करियर को लेकर काफी संजीदा हो जाते हैं। जेहन में कई तरह के साल उठते हैं कि अब क्या करें। यानी करियर कैसे बनाएं। अगर आपने भी बी-कॉम किया है तो घबराएं नहीं और सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाते हुए आपने करियर को नई उड़ान दें। इससे आप आपने सुनहरे भविष्य को चमका सकते हैं। बैचलर ऑफ कॉमर्स यानी बी-कॉम तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को व्यवसाय, वित्तीय प्रबंधन और कॉर्पोरेट वातावरण की मूलभूत समझ देती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जैसे फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार। वहीं, बी कॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम इन विषयों का और अधिक गहन अध्ययन कराता है, जहां छात्र किसी एक विषय में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं जैसे कि फाइनेंस, टैक्सेशन, बैंकिंग या अकाउंटिंग। बी-कॉम का यह बहुआयामी ढांचा छात्रों को उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और कॉर्पोरेट नौकरियों की तैयारी के लिए उपयुक्त बनाता है।

*फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार में अपार संभावनाएं*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बी-कॉम की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन जब तक छात्र व्यावहारिक और इंडस्ट्रियल स्किल्स नहीं विकसित करते, तब तक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वर्तमान समय में कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी दक्षताओं से भी लैस हों। चाहे वह एक फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी हो या किसी स्टार्टअप में ऑपरेशंस की भूमिका, हर जगह कुशलता की मांग है।



**स्टार्टअप्स**
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- अकाउंट्स ऑपरेटर
- एडमिन सहायक

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

**प्रभावशाली संवाद कौशल**
- **डिजिटल दक्षता:** एम एस एक्सेल, टैली, क्विक बुक्स
- डेटा अनालिसिस एवं एम आई एस रिपोर्टिंग
- कार्य योजना और समय प्रबंधन
- प्रोफेशनल एटीकेट्स और ईमेल लेखन
- बेसिक बिजनेस एथिक्स और ग्राहक सेवा दृष्टिकोण
- ये सभी स्किल्स आज ऑनलाइन

**निजी क्षेत्र में जॉब के लिए ऑप्शन**
- एकाउंटिंग फर्म
- जी एस टी असिस्टेंट
- टैक्स क्लर्क
- जूनियर अकाउंटेंट

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए जॉब प्रोफाइल की व्यापकता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, बीमा, रिटेल, डिजिटल मार्केटिंग, सप्लाई चेन, ह्यूमन रिसोर्सेज और एडटेक जैसे क्षेत्रों में रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। अगर वेतन की बात करे तो, निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्री धारको के लिए आरंभिक वेतनमान 18,000–30,000 रुपये मासिक के बीच होता है। वहीं अनुभवी प्रोफेशनल्स 40,000–80,000 रुपये मासिक या उससे अधिक कमा सकते हैं।

### कॉरपोरेट सेक्टर
- एमआई एस एग्जीक्यूटिव
- अकाउंट्स असिस्टेंट
- रिक्रूटमेंट कोऑर्डिनेटर

**डिजिटल व ई-कॉमर्स**
- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- सोशल मीडिया सहायक
- एसइओ विश्लेषक

**बीमा व वित्त संस्थान**
- लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर
- सेल्स रिलेशनशिप मैनेज

**बीपीओ / केपीओ**
- डाटा विश्लेषक
- बैंक ऑफिस सहायक
- ग्राहक सेवा कार्यकारी

### सरकारी क्षेत्र में नौकरी के ऑप्शन

- सरकारी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए नौकरियों की संख्या एवं विविधता अत्यंत अधिक है। बैंकिंग, बीमा, डाक विभाग, रेलवे, रक्षा सेवाएं, कर्मचारी चयन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं हर वर्ष हजारों रिक्तियां जारी करती हैं। सरकारी क्षेत्र में एक बीकॉम डिग्री धारक को प्रारंभिक वेतनमान 30,000–45,000 रुपये मासिक मिल सकता है। वहीं अनुभव के साथ यह वेतन 70,000–1,20,000 रुपये मासिक तक संभव है।

**इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर**

**बैंकिंग और बीमा क्षेत्र**
- एसबीआई प्रोबेशनरी अफसर /क्लर्क
- आईबीपिएस प्रोबेशनरी अफसर/क्लर्क
- आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट
- एलआईसी अकाउंट अफसर
- असिस्टेंट मैनेजर

**यूपीएससी सेवाएं**
- आईएएस
- आईपीएस
- आईईएस
- आईआरएस

**राष्ट्रीय एवं राज्य स्टाफ सिलेक्शन कमीशन**
- इनकम टैक्स असिस्टेंट
- ऑडिटर
- अकाउंटेंट
- ग्राम सचिव
- जूनियर अकाउंटेंट
- टैक्स इंस्पेक्टर

**रक्षा सेवाएं**
- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**डाक विभाग**
- पोस्टल असिस्टेंट
- सॉर्टिंग असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**
- अकाउंट्स क्लर्क
- जूनियर टाइमक कीपर

### उच्च अध्ययन के विकल्प

| पाठ्यक्रम | विवरण |
|---|---|
| चार्टर्ड अकाउंटेंसी | आईसीएआई द्वारा संचालित, लेखा और टैक्स विशेषज्ञता |
| कंपनी सेक्रेटरी | आईसीएसआई द्वारा संचालित, कॉर्पोरेट लॉ और कंपनी गवर्नेंस |
| कॉस्ट मैनेजमेंट | अकाउंटेंट लागत नियंत्रण व प्रबंधन के लिए |
| एमबीए | प्रबंधन के क्षेत्र में वरिष्ठ पदों हेतु |
| एम कॉम | शिक्षा, शोध के लिए आवश्यक |
| एलएलबी | टैक्स लॉ, कॉर्पोरेट लॉ में करियर हेतु |

### संभावनाओं का समंदर

बी कॉम सिर्फ एक डिग्री नहीं बल्कि संभावनाओं का समंदर है। अगर छात्र इस पाठ्यक्रम को ईमानदारी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से करें, आवश्यक कौशलों का निर्माण करें, और लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें, तो वे नौकरी, व्यवसाय, या उच्च शिक्षा, किसी भी मार्ग में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

---

# सर्वश्रेष्ठ करियर पथ और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता जरूरी



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज के युग में, जहां प्रतिस्पर्धा और अवसर दोनों ही चरम पर हैं, छात्रों के सामने अपने करियर का सही रास्ता चुनने की चुनौती होती है। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने के लिए, करियर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने और उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए है, साथ ही यह भी समझाने के लिए कि मानसिक स्वास्थ्य उनके करियर की नींव है। हर छात्र का एक सपना होता है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, तो कोई कलाकार। लेकिन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सपनों को सच करने के लिए मेहनत और विश्वास चाहिए।

## अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें

उदाहरण: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी मेहनत और विज्ञान के प्रति समर्पण ने उन्हें देश का गौरव बनाया। अपने सपनों को पंख दें, जैसे कलाम साहब ने दिए! करियर चुनते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

**अपनी रुचि को पहचानें:** करियर का चुनाव करते समय सबसे पहले यह समझें कि आपको किस क्षेत्र में रुचि है। क्या आपको विज्ञान, कला, तकनीक या सामाजिक कार्य पसंद है? अपनी रुचि को समझकर आप उस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं, जहां आपका मन लगे।

**अपने कौशल का मूल्यांकन करें:** हर व्यक्ति में कुछ खास प्रतिभाएं होती हैं। अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें। अगर आप गणित में अच्छे हैं, तो डेटा साइंस या इंजीनियरिंग आपके लिए बेहतर हो सकता है। अगर आप रचनात्मक हैं, तो डिजाइनिंग या लेखन जैसे क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

**मार्गदर्शन लें:** शिक्षकों, माता-पिता, या करियर काउंसलर से सलाह लें। आजकल ऑनलाइन कई संसाधन उपलब्ध हैं, जैसे कि करियर टेस्ट और विशेषज्ञों की सलाह, जो आपको सही दिशा दिखा सकते हैं।

**लंबे समय के लिए सोचें:** करियर चुनते समय केवल तात्कालिक लाभ न देखें। यह सोचें कि क्या यह करियर आपको 10-20 साल बाद भी खुशी और संतुष्टि देगा। भविष्य में नौकरी की मांग और तकनीकी प्रगति को भी ध्यान में रखें।

**मानसिक स्वास्थ्य: आपकी सबसे बड़ी ताकत:** करियर की दौड़ में मानसिक स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह आपकी सफलता की कुंजी है। एक स्वस्थ मन ही आपको कठिन परिस्थितियों में मजबूत बनाता है। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं।

**तनाव को प्रबंधित करें:** पढ़ाई और करियर की योजना बनाते समय तनाव होना स्वाभाविक है। लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन), या योग करें। गहरी सांस लेने की तकनीक भी तनाव कम करने में मदद करती है।

**सकारात्मक सोच रखें:** नकारात्मक विचारों से बचें। अगर आप किसी परीक्षा या साक्षात्कार में असफल हो जाते हैं, तो इसे अंत न समझें। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

## एक समय सारणी बनाएं

**संतुलन बनाएं:** पढ़ाई के साथ-साथ अपने शौक और सामाजिक जीवन को भी समय दें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

**मदद मांगें:** अगर आपको लगता है कि आप तनाव, चिंता या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या काउंसलर से सलाह लेना कोई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आपकी ताकत को दर्शाता है।

**सपनों और स्वास्थ्य का संतुलन :** करियर की राह में सफलता तभी मिलेगी जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें, लेकिन अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना न भूलें। निम्नलिखित सुझाव दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे:

**समय प्रबंधन:** पढ़ाई, विश्राम और मनोरंजन के लिए समय का उचित बंटवारा करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें।

**स्वस्थ जीवनशैली:** अच्छा खान-पान, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम आपके शरीर, दिमाग को ऊर्जा देंगे।

**छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं:** बड़े सपनों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें। हर छोटी उपलब्धि आपको आत्मविश्वास देगी।

**आभार व्यक्त करें:** अपने जीवन की अच्छी चीजों के लिए आभार प्रकट करें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जस्टिस पार्टी आंदोलन, मद्रास से कौन संबंधित नहीं है?
(ए) सी. एन. मुदालियार
(बी) टी. एम. नायर
(सी) पी. त्यागराजन चेट्टी
(डी) ज्योतिबा फूले

**2.** द्रविड़ कड़गम / द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के संस्थापक थे
(ए) अन्नादुरै
(बी) सी. एन. मुदालियार
(सी) टी. एम. नायर
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** निम्न में से कौन फरवरी 1918 में स्थापित यू. पी. किसान सभा की स्थापना से संबद्ध नहीं था?
(ए) इंद्र नारायण द्विवेदी
(बी) गौरी शंकर मिश्र
(सी) जवाहरलाल नेहरु
(डी) मदन मोहन मालवीय

**4.** भील सेवा मंडल (1922) की स्थापना किसने की?
(ए) अमृतलाल विट्ठलदास
(बी) महात्मा गाँधी
(सी) सी. एफ. एण्डूज
(डी) विनोबा भावे

**5.** अस्पृश्यता अपराध अधिनियम कब पारित हुआ?
(ए) 1935 ई० में
(बी) 1945 ई० में
(सी) 1955 ई० में
(डी) 1965 ई० में

**6.** 'आधुनिक युग का मनु' किसे कहा जाता है?
(ए) एम. जी. राणाडे
(बी) बी. आर. अंबेडकर
(सी) बी. एन. राव
(डी) महात्मा गाँधी

**7.** महाराष्ट्र में वासुदेव बलवंत फड़के का विद्रोह कब हुआ?
(ए) 1870 ई० में
(बी) 1875 ई० में
(सी) 1879 ई० में
(डी) 1889 ई० में

**8.** विशुद्ध गाँधीवादी तरीके से लड़ा गया पहला आदिवासी अहिंसक विद्रोह था
(ए) टाना भगत आंदोलन
(बी) चंपारण का नील सत्याग्नह
(सी) गुजरात का खेड़ा सत्याग्रह
(डी) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(सी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिक संगठन की मासिक बैठक संपन्न

**गन्नौर।** भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की मासिक बैठक रविवार को केडी नगर स्थित हॉल में नायक सूबेदार ओमप्रकाश मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डॉ. सतबीर सिंह सहरावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के अंत में कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें 30 नवंबर को /"नेवी डे/" के रूप में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, मैक्स प्लस अस्पताल पानीपत के डॉ. जितेंद्र के आवेदन पर मेडिकल कैंप लगाने की अनुमति दी। सतबीर दहिया ने बताया कि संगठन ने तय किया कि इस बार नेवी डे कार्यक्रम में गन्नौर हल्के के अधिक से अधिक भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां और परिवार के सदस्य भाग लेंगे।

### भजनों के माध्यम से प्रभु भक्ति का संदेश दिया

**गोहाना।** रविवार को शहर में गुढ़ा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में मासिक वैदिक सत्संग समारोह आयोजित किया गया। आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई के इस सत्संग समारोह में श्रद्धालुओं को स्वाध्यायशील बनने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने की। संजीत शास्त्री ने भजनों के माध्यम से प्रभु भक्ति का संदेश दिया।मुख्य वक्ता रोहतक से वैदिक विद्वान डॉ. जगदेव वेदालंकार ने कहा कि मनुष्य को स्वाध्यायशील होना चाहिए। जो स्वाध्याय करता है वह जीवन में हर परिस्थिति को सहज ही झेल लेता है। मनुष्य को अच्छी पुस्तकों और धर्म ग्रंथों का स्वाध्याय करना चाहिए।

### महात्मा गांधी की विचाराधारा के थे चौ. चरण सिंह : त्यागी

**सोनीपत।** सोनीपत में रविवार को राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के हरियाणा कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी द्वारा किया गया। सोनीपत से नरेंद्र छिक्कारा को पार्टी ने हरियाणा प्रदेश महासचिव का पद दिया है। त्रिलोक त्यागी ने बताया कि हरियाणा में ये अभी पार्टी का शुरुआती दौर है। त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल पार्टी स्व. चौधरी चरण सिंह जी की पार्टी है जो सदा से ही किसान कमेरों के साथ साथ 36 बिरादरी को साथ लेकर कार्य करती रही है। बताया कि चरण सिंह महात्मा गांधी के विचारधारा के व्यक्तित्व के इंसान थे। पार्टी के नवनिर्वाचित युवा प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा बाली शर्मा महाबीर कुहाड़, सचिन छिक्कारा, बलवान छिक्कारा मौजूद रहे।

# छोटी उम्र में ही आजादी की लड़ाई में कूद गए थे कामरेड शिवदास : अनूप सिंह

## सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया की प्रदेश स्तरीय स्मृति सभा का आयोजन

- 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन अंग्रेज साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ते जेल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) की ओर से पार्टी के संस्थापक, महासचिव कामरेड शिवदास घोष कि सीखों को याद करने, समझने के लिए एक स्मृति सभा का आयोजन किया गया। सभा में प्रदेश के लगभग सभी जिलों से कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने हिस्सा लिया। स्मृति सभा की अध्यक्षता पार्टी के स्टाफ सदस्य कामरेड अनूप सिंह ने की। सभा के मुख्य वक्ता केंद्रीय कमेटी के सदस्य कामरेड अरुण कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कामरेड शिवदास घोष बहुत ही छोटी उम्र में आजादी की लड़ाई में कूद गए थे और 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन अंग्रेज साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ते हुए जेल गए थे। जेल के अंदर उन्होंने गहन अध्ययन किया और जब 1945 में जेल से बाहर आए तब वह एक बदले हुए इंसान थे, उन्होंने समझ लिया था कि अंग्रेज साम्राज्यवादी जाने वाला है और समझौते से भारतीय पूंजीपति गद्दी पर कब्जा कर लेगा। 24 अप्रैल 1948 को अपने चंद साथियों को लेकर के कॉमरेड शिबदास घोष ने एसयूसीआई (कम्युनिस्ट)पार्टी का गठन किया। लगातार बढ़ती हुई महंगाई, भयंकर बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा, इलाज, बिजली, पानी की समस्याओं को लेकर के आंदोलन करते-करते आज पार्टी देश के लगभग सभी राज्यों में काम कर रही है। कॉमरेड अरुण कुमार सिंह ने कहा कि देश के मजदूर-किसानों को आंदोलन करते हुए इन सभी समस्याओं की जननी मानवता की दुश्मन पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ फेंकना होगा। पार्टी के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस रूप में समस्याएं विकराल रूप लेती जा रही हैं, देश का मजदूर किसान मेहनतकश उठ खड़े होने के लिए तैयार है इसलिए पार्टी को सारे देश में आंदोलन को नेतृत्व देने के लिए हमें जल्दी ही तैयार करना होगा तभी समाजवादी क्रांति का सपना साकार होगा।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित एसयूसीआई के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

राज्य सचिव मंडल सदस्य ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि देश की जनता समस्याओं से पीड़ित होने की वजह से जबरदस्त आक्रोश में है इसलिए हमें जनता को संगठित करना होगा। मीटिंग का संचालन कामरेड हरि प्रकाश ने किया। राज्य कमेटी के दूसरे सदस्य कामरेड ओम प्रकाश, इंदर सिंह,जयकरण, राजकुमार, शेर सिंह, बलवान सिंह, सरवन कुमार, बाबूराम आदि उपस्थित रहे।



खरखौदा। शहर में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# विधायक पवन खरखौदा के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

- शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों व महान विभूतियों के सम्मान में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा के नेतृत्व में शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका मुख्य उद्देश्य देश की स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करना था। उक्त यात्रा भाजपा कार्यालय रोहतक रोड से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए विभिन्न विभूतियों के स्मारक स्थलों तक पहुंची और महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक पवन खरखौदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा यात्रा शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों व महान विभूतियों के सम्मान में आयोजित की गई है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आह्वान किया कि सभी को अपने अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए, ताकि शहीदों और सैनिकों के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया जा सके। तिरंगा यात्रा शहर के रोहतक बाईपास से होते मटिंडू चौक पहुंची जहां सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद यात्रा मटिंडू रोड, दिल्ली चौक, थाना कलां चौक होते हुए जागृति स्थल पर पहुंची, जहां महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही भगवान परशुराम, शिव और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### ये रहे मौजूद

भीड़ की दृष्टि से सफल तिरंगा यात्रा में जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, ब्लॉक समिति चेयरमैन सतेंद्र उर्फ सत्ते दहिया, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया,नपा चेयरमैन हीरालाल, मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने विभीषिका झेलने वाले 86 परिवारों को किया सम्मानित

# भारत विभाजन की त्रासदी को शब्दों में समेटना कठिन :डॉ. अरविंद शर्मा

## विश्व की सबसे बड़ी त्रासदी भारत-पाक बंटवारा, 10 लाख की कुर्बानी: बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि 79वें आजादी वर्ष में हर भारतीय जश्न के साथ प्रताड़न और असहनीय दर्द का साक्षी बना था। इस आत्ममंथन के समय को करोड़ो भारतीयों ने अपनी आत्मा पर जिया है। संघर्ष, बलिदान और आंसुओं से भरी विभाजन विभीषिका की महागाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 14 अगस्त को फरीदाबाद में राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गोहाना की अहम भागीदारी होगी। रविवार को भाजपा, पंचनद ट्रस्ट व पंजाबी समाज के तत्वावधान में सामुदायिक भवन, सेक्टर 7 में चतुर्थ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने इस विभीषिका को झेलने वाले 86 परिवारों को सम्मानित किया। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भारत विभाजन की त्रासदी को शब्दों में समेटना कठिन है। देश में शायद कोई परिवार होगा जिसने उस वक्त देश की आजादी के खुश लम्हों के बीच अनगिनत परिवार अपने सदस्यों से बिछड़े, अपनी जड़ों को छोडक़र भय, हिंसा व बर्बादी के मंजर के बीच सड़क, खेत और रेल माध्यम से भारत पहुंचे। इस ऐतिहासिक त्रासदी व महान पीड़ा को लाखों पीड़ितों ने झेला जबकि सरकारों ने उनके योगदान को भुलाने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिला के प्राचीर से विभाजन विभीषिका व इसके पीड़ितों को सम्मान देने की परंपरा शुरू की। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसे आगे बढ़ा रहे हैं। अवसर पर महन्त बाबा कमल पुरी महाराज, गोहाना भाजपा प्रभारी डॉ. किरण कलकल, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, भाजपा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, भाजपा सोनीपत जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, नगर परिषद गोहाना चेयरपर्सन रजनी विरमानी, डॉ. धर्मबीर नांदल, जिला संयोजक इंद्रजीत विरमानी व संजय मेहंदीरत्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



गोहाना। विभीषिका झेलने वाले परिवारों को सम्मानित करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### चौक व भवन निर्माण की मांग रखेंगे :कैबिनेट मंत्री

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि जल्द ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व समाज के लोगों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पंजाबी समाज के लिए सामुदायिक केंद्र निर्माण करवाने व पंचनद चौक स्थापित करवाने की मांग रखी जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी भारत-पाकिस्तान बंटवारा था, जिसमें 10 लाख माताएं, बहनें, बच्चों की कुर्बानी हुई। 79 साल पहले की इस पीड़ा, घटनाक्रम को आज भी लाखों परिवार महसूस करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन परिवारों के दर्द को समझा व उन्हें उचित सम्मान देने की परम्परा शुरू की। बड़ौली ने कहा कि इतना दर्द झेलने के बाद भारत आए इन परिवारों ने अपनी कड़ी मेहनत से देश के विकास में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित किया है। अब हम सभी को मिलकर इन परिवारों को सम्मान देना और युवाओं को जगाना है, ताकि दोबारा कभी ऐसा दिन न देखना पड़े। कार्यक्रम उपरांत भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकरियों ने मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को राखी बांधी। गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष रीना शर्मा, नरेश देवी, कमलेश, मंजू, सोनिया, सरिता, नीलम, रितु आदि उपस्थित रहे।

# चौंतीस ने कमाया रक्तदान का पुण्य

## गांव कुमासपुर में किया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मां भारती जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट सोनीपत द्वारा गांव कुमासपुर की एससी चौपाल में पीजीआई खानपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 34 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। शिविर ट्रस्ट के सदस्य गोसेवक सुधीर बैरागी के जन्मदिवस पर लगाया गया था। केम्प में सरपंच पति सतेंद्र सहित कई गणमान्य अतिथि पहुंचे। शिविर में आदि आंतिल ने भी रक्तदान किया। ट्रस्ट के संस्थापक प्रेम गौतम ने बताया कि 15 अगस्त को पीजीआई खानपुर के सहयोग से ही गांव फ़ाज़लिपुर की एससी चौपाल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्ट से अंकित त्यागी, नवीन कौशिक, सोनू सिंघल, रिंकू सिंघल, ममता सरोहा, सोनू आंतिल आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा एवं अन्य।

### पुरखास में 51 ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** गांव पुरखास के सरकारी अस्पताल में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा एवं जिला महामंत्री नीरज ठरु ने सभी रक्तदाताओं को समर्पित चिह्न भेंट कर उनका मान सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर डॉ. ब्लॉक समिति मेम्बर राजेश, सरपंच बहादुर पहलवान पुरखास राठी, सरपंच मोनिका देवी पुरखास राठी, डॉ. मोनिका, डॉ. अंकिता अंकुश, डॉ. सन्नी बागड़ी, डॉ. रजनीश, डॉ. तेजेंद्र खोखर, संदीप, मास्टर हरिभजन, ऋषि राठी, सुमित राठी, अमित राठी, दिलबाग गुलिया, पूर्व सरपंच हरिओम, संदीप, प्रवीण आदि मौजूद रहे। काउंसलर बिजेंद्र सिंह ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया।

# शिविर में 53 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज हरियाणा बैरागी सभा के तत्वाधान में बंदा वीर बैरागी धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें शहीदों को याद किया गया और ये रक्तदान शहीद विनय नरवाल को समर्पित किया। जिसमें मुख्य अतिथि राजीव जैन मेयर उपस्थित रहे। निशु ने अपना पहली बार रक्तदान करके कैंप में पहली डॉनर बनकर कैंप की शुरुवात की। बैरागी सभा सोनीपत प्रधान रोशन लाल व उनकी कार्यकारिणी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और सभी 53 रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का धन्यवाद किया। इस कैंप में महिलाओं ने भी रक्तदान करके महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। रेड क्रॉस ब्लड बैंक एवं मां भारती रक्तवाहिनी सहयोगी संस्था रही।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अमित बैरागी, सुभाष बैरागी, विनोद बैरागी, बैरागी धर्मशाला के प्रधान अंग्रेज स्वामी, सोनीपत बैरागी सभा के प्रधान रोशन लाल बैरागी, मास्टर जगबीर वैष्णव, योगराज स्वामी, पवन स्वामी, महेंद्र स्वामी, जयकरण स्वामी, आजाद स्वामी, बलवान स्वामी, राजबीर डागर, अनिल स्वामी, डॉ. महेंद्र, धर्मराज स्वामी, रजनीश स्वामी, बुधराम बैरागी, दिनेश स्वामी, विनोद बैरागी उपस्थित रहे। मां भारती रक्तवाहिनी से रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संस्था संस्थापक रविन्द्र शर्मा, अध्यक्ष विपिन कुमार, आजीवन सदस्य राहुल भारद्वाज, नरेश भारद्वाज, राहुल राणा, मुकेश सरोहा, जोनी त्यागी ने संचालन किया।



गोहाना। पौधारोपण करते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### शिव मुक्ति धाम में रोपे 52 पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने रविवार को शहर में रोहतक मार्ग स्थित शिव मुक्ति धाम के परिसर में विभिन्न किस्मों के 52 पौधे रोपे। संगठन द्वारा पौधारोपण गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अपने साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत किया गया। संगठन द्वारा करीब डेढ़ दशक पहले गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद लिया गया था। उसके बाद से ही संगठन द्वारा सप्ताह के प्रत्येक रविवार को शहर में सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाता है। इसी क्रम में संगठन द्वारा शिव मुक्ति धाम में बोतल ब्रश, चांदनी, अर्जुन और नीम के 52 पौधे रोपे। संगठन के सदस्यों ने यहां पहले से रोपित पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई भी की। पौधारोपण में संगठन अध्यक्ष आनंद जांगड़ा, पवन कुमार, मनोज कुमार, प्रिंस तरीखा, सतीश कुमार, गुलशन कुमार नारंग, विनोद निझावन, डॉ. बिजेंद्र, बलजीत जांगड़ा, जगदीश और प्रवीन कश्यप ने अपनी सेवाएं दी।

### कुरुक्षेत्र में सत्रह को होगी पांचाल समाज की महारैली

**गोहाना।** पांचाल समाज द्वारा 17 अगस्त को कुरुक्षेत्र की अनाज मंडी में महारैली आयोजित की जाएगी। यह महारैली पांचाल समाज में जन्मे महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी एवं स्वामी भीष्म महाराज की यादगार में आयोजित होगी। इस कार्यक्रम को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। महारैली की तैयारियों को लेकर रविवार को महम रोड स्थित विश्वकर्मा कॉलोनी की विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बैठक की। बैठक के मुख्य वक्ता विश्वकर्मा पांचाल महासभा के महासचिव मुख्तार सिंह डांगी ने कहा की स्वामी भीष्म जी महाराज का पूरा जीवन देश सेवा और समाज सेवा को समर्पित रहा। हमें ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढने की जरूरत होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर महेंद्र सिंह दांगी ने की। उन्होंने समाज के लोगों को रैली में भारी से भारी तादाद में पहुंचने का आह्वान किया।

## नारकीय जीवन जीने को मजबूर लोग, बीमारियां फैलने का खतरा

# गली में छह माह से भरा दूषित पानी बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खेड़ी रोड, गांधी नगर स्थित वार्ड 1 और वार्ड 2 में जमा दूषित पानी एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। गली में हर समय भरे रहने वाले गंदे पानी के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने गली का निर्माण करवाने और दूषित पानी की निकासी समूचित व्यवस्था करने की मांग की है। संदीप दहिया, गौरव, संदीप, रिंकू, मुकेश, जगदीश, कैप्टन रत्न गुलिया, साहब सिंह, सुरेंद्र, उमेद आदि ने बताया कि पिछले छह महीनों से गली में घरों के सामने गंदा पानी जमा है। मजबूरी में लोगों को इसी पानी से होकर गुजरना पड़ता है। गंदा पानी घरों के समीप भरा होने से दीवारों में दरारें आनी शुरू हो गई हैं। इसके अलावा, पानी से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पानी से मच्छर और अन्य कीट पनप रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार की तरफ कदम नहीं उठाए गए तो वे मजबूर होकर सामूहिक प्रदर्शन करेंगे।



गन्नौर। खेड़ी रोड, गांधी नगर की गली में भरा दूषित पानी। फोटो :हरिभूमि

**जल्द करेंगे समाधानः नपा सचिव**

नपा सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि जेई और एमई के साथ गली का निरीक्षण किया गया है। जल्द ही आवश्यक कार्यवाही करते पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा।

**अधिकारी नहीं कर रहे समाधानः पार्षद**

वार्ड पार्षद सचिन ने बताया कि कई बार नपा अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि लगातार लापरवाही से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए।

### साइबर सुरक्षा पर वर्कशॉप का आयोजन

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में साइबर स्पेस सुरक्षा विषय पर ज्ञानवर्धक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। साइबर सुरक्षा ट्रेनर विनय विनय शर्मा द्वारा छात्रों को साइबर वर्ल्ड की अनदेखी पहलुओं से अवगत कराते हुए हैकिंग, फिशिंग, डाटा चोरी, ऑनलाइन फ्रॉड्स से जुड़े खतरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया और लाइव डेमो, केस स्टडीज और इंटरएक्टिव सेशंस के माध्यम से साइबर हमलों से बचने के उपाय भी बताएं।

### सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी स्थित राधे कृष्ण मंदिर में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का रविवार को शुभारंभ हुआ। श्रीमद भागवत सप्ताह कथा के शुभारंभ से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसका पूरे गांव में महिलाओं पुरुषों ने स्वागत किया। पूजन के बाद वेद मंत्रों के साथ कलश स्थापित कर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक कार्ष्णि राधारमण शास्त्री ने कहा कि सभी जीव ईश्वर का स्वरूप होते हैं, फिर भी जीव ईश्वर को पहचानने का प्रयत्न नहीं करता है।

### सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए सोनीपत पुलिस चला रही है अभियान

# स्वतंत्रता दिवसः पुलिस ने वाहनों की जांच के लिए लगाए 13 नाके

भारी वाहनों का दिल्ली प्रवेश प्रतिबंधित, डायवर्ट किए जा रहे हैं भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चाक-चौबंद कर दिया है। गुप्तचर विभाग, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और पुलिस की संयुक्त टीमें संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए सघन जांच अभियान चला रही हैं। रविवार देर शाम दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल के कारण एनएच-44 से भारी वाहनों का प्रवेश राजधानी की ओर पूरी तरह रोक दिया गया। ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए पुलिस ने पहले से व्यापक प्रबंध किए, जिसके तहत भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से बाहरी दिल्ली की तरफ भेजकर वहां से गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

पुलिस उपायुक्त प्रबिना पी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस टीम सड़क पर रहकर हर वाहन की गहनता से जांच कर रही है। रविवार रात आठ बजे से दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। ऐसे में गन्नौर, मुरथल और बहालगढ़ से वाहनों को डायवर्ट कर निकाला जा रहा है। इस कार्य में पानीपत पुलिस से भी सहयोग लिया गया। हाईवे पर कुल 13 स्थानों पर नाके स्थापित किए गए हैं।



सोनीपत। नाके लगाकर वाहनों की जांच करने में जुटे पुलिस कर्मी।

#### पार्किंग की विशेष व्यवस्था

भारी वाहनों के लिए प्रमुख पार्किंग स्थल बड़ी औद्योगिक क्षेत्र का गेट नंबर-2, कुराड़ गोहाना बाईपास डायवर्जन, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, केजीपी से उतरने वाला मार्ग (दिल्ली की दिशा) और एचएसआईआईडीसी कुंडली निर्धारित किए गए हैं।

#### ट्रैफिक डायवर्जन की ये है व्यवस्था

- ▶▶ गन्नौर थाने की टीम ने जीटी रोड गन्नौर फ्लाईओवर पर नाका लगाकर पानीपत की ओर से आने वाले भारी वाहनों को खुबडू झाल की ओर मोड़ा।
- ▶▶ मुरथल थाने की पुलिस ने गोहाना बाईपास फ्लाईओवर पर नाका लगाकर वाहनों को दिल्ली की ओर जाने से रोका और वाया सोनीपत पैरलल नहर मार्ग से निकाला।
- ▶▶ बहालगढ़ थाने ने चौक पर नाका लगाकर यूपी से आने वाले वाहनों को दिल्ली की ओर जाने से रोका और पैरलल नहर मार्ग से गुजारा।
- ▶▶ कुंडली थाने ने दिल्ली बॉर्डर पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह रोका।
- ▶▶ खरखौदा थाने ने दिल्ली चौक पर नाका लगाकर वाहनों को वाया सांपला रोड भेजा।

#### बन जाती है जाम की स्थिति, जारी किया रूट मैप

अतीत में देखा गया है कि दिल्ली में प्रवेश रोकने पर ट्रक चालक हाईवे किनारे वाहन खड़े कर देते थे, जिससे जाम की स्थिति बन जाती थी। लेकिन इस बार डीसीपी ने पहले से ही रूट मैप जारी कर दिया था, जिसके तहत गन्नौर, मुरथल और बहालगढ़ से ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया। परिणामस्वरूप हाईवे पर जाम नहीं लगा और भारी वाहनों को कुंडली बॉर्डर तक भी जाने नहीं दिया गया।

## मजबूत विपक्ष के रूप में सरकार को जनता से किये वायदे पूरे करने पर मजबूर करेंगे : दीपेंद्र

- सांसद ने सोनीपत से चंडीगढ़ तक की रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। रथयात्रा को रवाना करने पहुंचें सांसद दीपेंद्र हुड्डा अपनी बात रखते हुए।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बीजेपी सरकार की वादाखिलाफी के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए और सरकार को उसके चुनावी वादों की याद दिलाने के लिए अंबेडकर पार्क सोनीपत से चंडीगढ़ तक निकली रथयात्रा को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले तमाम बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सरकार बनने बाद उन सभी वादों को भुला दिया। उन्होंने बीजेपी के झूठ की कलई खोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी चुनाव के समय 3100 रुपए में धान खरीदने की बात कहते थे, लेकिन धान का सीजन भी गया किसानों को एमएसपी भी नहीं मिली। विधान सभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई नया टैक्स नहीं लगायेंगे। लेकिन बजट के अगले हफ्ते ही टोल 15 रुपये बढ़ा दिया। बीजेपी ने चुनाव के समय महिलाओं को 2100 देने की बात कही थी। इसके लिए बजट में 5000 करोड़ का प्रावधान किया लेकिन हरियाणा की जनता पर इसका बोझ डालकर बिजली के दाम 40 पैसा प्रति यूनिट बढ़ा दिये। इसी तरह बीजेपी वाले कहते थे एचकेआरएन कर्मचारियों को पक्का करेंगे। चुनाव के बाद पक्का करना तो दूर हजारों कर्मचारियों को हटा दिया गया। बीजेपी ने चुनाव से पहले हरियाणा में 75 प्रतिशत लोगों के चुनावी राशन कार्ड बनवाकर लोगों से वोट लूटे और सत्ता मिलने के बाद जिस स्पीड से राशन कार्ड बनाये थे, उससे तेज स्पीड से सरकार राशन कार्ड कटवाए जा रहे हैं। आश्चर्य की बात तो ये है कि पात्र लोगों के राशन कार्ड भी गलत मैपिंग करके काटे जा रहे हैं। 500 रुपए में गैस सिलेंडर और 300 यूनिट फ्री बिजली जैसे कुल 24 प्रमुख वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक इन्हें पूरा नहीं किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार जनभावना की नींव पर नहीं बल्कि झूठ, फूट और लूट की नींव पर बनी है। बीजेपी ने चुनाव में साम-दाम-दंड-भेद, झूठ फूट का सहारा लिया। प्रदेश में बराबर का विपक्ष है और लोकसभा में भी बीजेपी के बराबर सांसद हैं। मजबूत व बराबर के विपक्ष के रूप में सरकार को जनता से किये वायदे पूरे करने पर मजबूर करेंगे।

## मान इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रपति को बांधी राखी

**गोहाना।** गोहाना-खरखौदा मार्ग स्थित मान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को राखी बांधने का सम्मान प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने स्कूल के चेयरमैन दीपक मान और प्राचार्या मंजू मान के साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति की कलाई पर राखी बांधी जिससे स्कूल में खुशी की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कारों के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संस्कारवान युवा देश की असली ताकत हैं। द्रौपदी मुर्मु ने भी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन दीपक मान ने कहा कि यह क्षण न केवल विद्यार्थियों के लिए अपितु पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह अनुभव विद्यार्थियों के जीवन में प्रेरणा का स्रोत बनेगा और उन्हें राष्ट्र प्रेम व संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा देगा। राष्ट्रपति को राखी बांधने वाले विद्यार्थियों को स्कूल के शिक्षकों व अभिभावकों ने सुभाशीष दिया।



गोहाना। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ स्कूल के चेयरमैन दीपक मान, प्राचार्या मंजू मान और विद्यार्थी।

## पूर्वजों की राह पर चलकर अभय चौटाला कर रहे कमेरे वर्ग के लिए संघर्ष : सुनैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। ग्रामीणों को संबोधित करती सुनैना चौटाला।

इनेलो महिला शाखा की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनभर गांवों का दौरा किया और 25 सितम्बर के रोहतक में होने वाले सम्मान दिवस समारोह का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल 36 बिरादरी के नेता रहे हैं। उन्होंने कर्जा माफ, बस पास, जच्चा बच्चा सम्मान राशि, कन्यादान योजना, टोकन टैक्स माफ करना, ट्रैक्टर को गड्डा घोषित करना, फसल खराब होने पर मुआवजा, दलित चौपाल बनवाना, बुढ़ापा पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर जनता के हित में कार्य किया है। जबकि मौजूदा शासन में सभी वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, महिला, युवा दुःखी हैं। बिजली, गैस सिलिंडर, पेट्रोल - डीजल के बढ़े हुए दामों ने गरीब जनता की कमर तोड़ दी है। खाद की कालाबाजारी के कारण किसान अपने को ठगा महसूस कर रहा है। इनेलो नेत्री ने बरोना, खुर्मपुर, पाई, किढौली, गोपालपुर, रोहना, छिनौली, थाना कलां, थाना खुर्द आदि गांवों में लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर महिला प्रदेश अध्यक्ष तनूजा कश्यप, जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत, पूर्व एसपी अनूप दहिया, अशोक राणा, हलका अध्यक्ष बलवान नम्बरदार आदि रहे।

## समारोह में किया पद्मश्री संत राम व राजकला देशवाल का सम्मान

**सोनीपत।** सोनीपत में छोटूराम स्मारक समिति की ओर से रविवार को गोहाना रोड स्थित छोटूराम धर्मशाला में रविवार को पद्मश्री डॉ. संत राम देशवाल और हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पंडित लखमीचन्द्र पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राजकला देशवाल का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राममेहर सिंह छिक्कारा ने की, जबकि प्रधान के रूप में युद्धवीर सिंह मलिक, जयलाल मान, जगजीत मलिक, शमशेर सिंह, रमेश लठवाल और प्रताप सिंह पंवार मौजूद रहे। डॉ. संत राम देशवाल को वर्ष 2025 में राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया है। समिति के सदस्यों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों का फूलमालाओं और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया तथा उनके कार्यों को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। समारोह में स्थानीय नागरिक, साहित्य प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें पद्मश्री डॉ. संतराम देशवाल को सम्मानित करते हुए।

## मेगा वृक्षारोपणः पंजाबी भवन में रोपित किए पौधे

- लायंस क्लब सोनीपत द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम, पूर्व मंत्री एवं मेयर रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पौधे रोपित करते हुए कविता जैन, राजीव जैन साथ में प्रवीण वर्मा एवं क्लब पदाधिकारी।

लायंस क्लब सोनीपत की ओर से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेगा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी भवन, बाहलगढ़ रोड पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कविता जैन एवं नगर निगम सोनीपत मेयर राजीव जैन ने शिरकत की, जबकि प्रवीण रेलन, हरविंदर त्यागी और संयोजक मनीष बंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। क्लब की प्रधान रोजी लूथरा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यदि प्रदूषण को रोकना है और जीवन को सुखमय बनाना है, तो अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल वायु को शुद्ध करते हैं, बल्कि जीवनदायिनी ऑक्सीजन का भी स्त्रोत हैं। कार्यक्रम के अंत में क्लब पदाधिकारियों ने सभी को पौधों की देखभाल और नियमित सिंचाई करने का संदेश दिया, ताकि लगाए गए पौधे स्वस्थ और लंबे समय तक जीवित रह सकें। इस अवसर पर क्लब की सचिव नीरू मलिक, कोषाध्यक्ष एकता रैलन के साथ अनिल सेठ, राजेंद्र गोयल, प्रवीण वर्मा, शिव शंकर शर्मा, राकेश शर्मा, डीके जैन, एसके शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य और समाजसेवी मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए चलाई निःशुल्क ऑटो

**गोहाना।** गांव बरोदा मूल के हाल देवीपुरा निवासी कृष्ण खासा ने रक्षाबंधन के पर्व पर महिलाओं के लिए शहर में निःशुल्क आटो यात्रा सेवा उपलब्ध करवाई। रक्षाबंधन के दिन वह पिछले 16 वर्षों से से महिलाओं के लिए यह सेवा कर रहे हैं। कृष्ण खासा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में एटीएम (सहायक तकनीकी प्रबंधक) के पद पर कार्यरत हैं। वह समाजहित के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते हैं। उन्होंने कहा कि समाजहित में कार्य करना हर देशवासी का नैतिक कर्तव्य है। किसी भी समाज व देश के उत्थान के लिए वहां के नागरिकों में एक दूसरे के प्रति सेवा व सहयोग की भावना होना जरूरी है।



गोहाना। महिलाओं के लिए नि:शुल्क आटो सेवा उपलब्ध करवाते हुए कृष्ण खासा।

## शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत, नहीं हो पाई पहचान

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा जटवाड़ा के पास डाउन लाइन पर हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी से जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ से चलकर नई दिल्ली को जाने वाली गाड़ी संख्या 12046 नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रविवार दोपहर करीब 2:50 बजे सोनीपत रेलवे स्टेशन से गुजरी। बताया जा रहा है कि ट्रेन जब जटवाड़ा के पास पहुंची तभी रेलवे लाइन पार कर रहा करीब 45 वर्षीय व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया।

## स्वदेशी उत्पादों की खरीद व बिक्री राष्ट्र की सच्ची सेवा

- स्वदेशी जागरण मंच हरियाणा द्वारा महिला विवि में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। स्वदेशी वस्तु उपयोग करने बारे जागरूक करते प्रो. इप्शिता बंसल व अन्य।

स्वदेशी जागरण मंच, हरियाणा प्रांत सह समन्वयक प्रो. इप्शिता बंसल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की खरीद और बिक्री राष्ट्र की सच्ची सेवा है। हमें स्वदेशी उत्पादों को ही खरीदना और बिक्री करनी चाहिए। वह रविवार को गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आयोजित विषय संबंधित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि अगस्त क्रांति के अवसर पर देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति के संदर्भ में स्वदेशी जागरण मंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से संबंधित ब्यान का स्वागत करता है। वर्तमान में अमेरिका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है। कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर निम्न गुणवत्ता वाला अपना माल भारत में डंप किया जा रहा है और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ. धीरज दहिया, राई खंड संयोजक रकमवीर, गन्नौर खंड संयोजक डॉ. प्रदीप राठी, तमन्ना सैन, सोनीपत नगर संयोजक सुरेंद्र कौशिक व अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।



सोनीपत। वाटर कूलर स्थापित करवाते हुए क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## सार्वजनिक लाभ के लिए वाटर कूलर किया स्थापित

**सोनीपत।** इन्नरव्हील क्लब सोनीपत ने अनाज मंडी में एक वाटर कूलर स्थापित किया है। इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से गर्मियों के महीनों में सार्वजनिक रूप से स्वच्छ पेयजल प्रदान करना है, जिससे लोगों को गर्मियों में पानी की कमी न हो। क्लब के सदस्यों ने अध्यक्ष अनीता मदान के नेतृत्व में, इस परियोजना को वास्तविकता बनाने के लिए काम किया। वाटर कूलर आरओ प्रणाली से सुसज्जित है और जल गुणवत्ता को उच्चतम मानकों पर बनाए रखने के लिए नियमित रूप से इसकी देखभाल की जाएगी। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष अनीता मदान, सुशमा दहिया, सुखदा नागपाल, प्रवीण नैन, शांति सोलंकी और उषा शर्मा उपस्थित थी। क्लब की अध्यक्षा ने कहा कि यह निस्वार्थ कार्य समुदाय की भलाई में योगदान देने और मानवता की सेवा के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम आगे भी इस तरह के कार्यों को जारी रखने के लिए आत्मविश्वास हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### आर्य समाज सेक्टर 14 आर्योदय गुरुकुल में मनाया गया संस्कृत दिवस

# धर्म ही नहीं बल्कि विज्ञान के स्वरूप को भी प्रस्तुत करती है संस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज सेक्टर 14 स्थित आर्योदय गुरुकुल में रविवार को संस्कृत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। वेद से लेकर समस्त प्राचीन ग्रन्थ संस्कृत भाषा में ही उपलब्ध होते हैं। संस्कृत एक ऐसी भाषा है जो न केवल धर्म बल्कि विज्ञान के भी स्वरूप को प्रस्तुत करती है। इस भाषा का व्याकरण अन्य समस्त भाषाओं के व्याकरण से अनुपम एवं श्रेष्ठतम है। कार्यक्रम में गुरुकुल के सभी ब्रह्मचारियों ने संस्कृत भाषा में कविताएं, गीतीकाएं और संभाषण प्रस्तुत किए। आर्य समाज सेक्टर 14 के प्रधान रवीन्द्र आर्य ने पाणिनि अष्टाध्यायी के सूत्र सुनाए। संचालक संदीप श्रेयार्थी ने संस्कृत के महत्व का प्रतिपादन किया। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को व्यापक रूप देने के संकल्प के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।



सोनीपत। सेक्टर 14 गुरुकुल में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ब्रह्मचारी एवं अन्य।

## जीवन में प्रकाश भरें, जन कल्याण हेतू जीएं : स्वामी ज्ञानमंगल

- श्रीनगर कॉलोनी में शिव शक्ति सिद्ध पीठ में पधारे स्वामी ज्ञानमंगल और अनंत प्रकाश

**सोनीपत।** बहालगढ़ रोड स्थित श्रीनगर कॉलोनी में शिव शक्ति सिद्ध पीठ में रविवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्वामी ज्ञानमंगल और स्वामी अनंत प्रकाश मंदिर प्रांगण में पहुंचें। उन्होंने अपने प्रवचनों में लोगों से संतों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। संतों का परिचय देते हुए संचालक आनंद सिंह छिक्कारा ने अक्षरधाम का अर्थ समझाया। उन्होंने बताया कि ओउम एक अक्षर है, लेकिन इसमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ही समाए हुए हैं। इस दौरान स्वामी ज्ञानमंगल ने लोगों को ज्ञान मार्ग पर चलकर अपने जीवन में प्रकाश भरने व जन कल्याण हेतू जीने का संदेश दिया।



सोनीपत। शिव शक्ति सिद्ध पीठ में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचें संतों का स्वागत करते हुए।